(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195

दूरभाषः (0755) 2761225, **ई-मेलः** ***vidyabhartibpl@gmail.com***

Web: www.vidyabhartimp.org,

पत्र क्रमांक : 955/2022 दिनांक-15/10/2022

प्रान्तीय संस्कृति महोत्सव 2022

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,
समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर मध्यभारत प्रान्त।

आदरणीय बन्धुवर,

सप्रेम नमस्कार।

बड़े हर्ष का विषय है कि हम इस वर्ष अपने प्रान्त का 33 वाँ प्रान्तीय संस्कृति महोत्सव सम्पन्न करने जा रहे हैं। विद्याभारती, भैया-बहिनों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील हैं। साहित्य, संगीत और कला के रूप में ऐसे आयोजन भैया-बहिनों के मनमस्तिष्क को सँवारकर उनके नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारे भैया-बहिन अपने गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर के साथ आगे बढते रहें, इस सद्प्रयास में आप सभी पूर्ण मनोयोग से सहभागी बनकर प्रान्तीय बौद्धिक समारोह को सफल बनाऐं। विद्यालय स्तर से ही श्रेष्ठ तैयारी हो और योग्य प्रतिभा के साथ हमारे भैया-बहिन इस समारोह में सम्मिलित हों। ऐसी अपेक्षा है।

आयोजन स्थल - सरस्वती विद्या मंदिर, उ.मा.वि., **केशव नगर, विदिशा**

दिनांक - 29 अक्टूबर रात्रि से 31 अक्टूबर 2022 दोपहर तक

शुल्क - 500 रू. प्रति प्रतिभागी एवं संरक्षक आचार्य
(शुल्क एवं मार्ग व्यय विद्यालय द्वारा देय होगा)

आयोजन संबंधी विशेष सूचनाएँ :-

- विदिशा तक पहुँचने के लिए रेल एवं बस दोनों सुविधाऐं उपलब्ध हैं। रेल आरक्षण पूर्व में अपने स्थान से कराकर लाना सुविधाजनक रहेगा। सभी वर्गों की प्रतियोगिताऐं प्रान्तीय प्रश्नमंच निर्देशिका 2022-23 के अनुसार सम्पन्न होगी।
- प्रतियोगिता शुल्क व सूची आयोजन स्थल पर पंजीयन के समय जमा कराना होगी।
- प्रान्त स्तर पर विभाग के प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी ही सम्मिलित होगें।

E:\P- 22-23\sansakrti Gyan & bhodh,

- प्रतिभागी मौसम अनुकूल वस्त्र एवं ओढ़ने-बिछाने हेतु चादर, दरी व दैनिक उपयोगी सामग्री साथ लावें।
- प्रतिभागी भैया-बहिन एवं संरक्षक आचार्य अपने साथ भोजन पात्र अवश्य लेकर जायें।
- प्रतियोगिता नियमावली एवं प्रान्तीय निर्देशिका 2022-23 का अध्ययन भली-भाँति कर आवें एवं विवरणिका साथ रखें।
- बहुमूल्य सामग्री, स्वर्ण आभूषण आदि साथ न लावें। प्रतियोगिता सम्बन्धी साहित्य अपने स्थान से साथ लावें।
- उद्घाटन, समापन एवं प्रतियोगिता समय में सभी प्रतिभागियों को निर्धारित विद्यालय वेश में रहना अनिवार्य है। अवांछनीय वस्त्रों का प्रयोग वर्जित है।
- परिचय पत्र निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरा हुआ ही मान्य होगा। विभाग संयोजक के हस्ताक्षर पद मुद्रा आदि पूर्ण करके लाऐं। निर्णायक का निर्णय अंतिम होगा।
- संरक्षक आचार्य विषय का जानकार, सजग एवं अनुशासनप्रिय हो, इसका ध्यान चयन के समय अवश्य रखा जाऐ।
- प्रान्तीय प्रतियोगिता में संस्कृति बोध परियोजना के प्रान्त प्रमुख, सहप्रमुख एवं विभाग प्रमुख प्रतियोगिता संचालन हेतु 29 अक्टूबर 2022 को दोपहर तक प्रतियोगिता स्थल पर पहुँचना है।
- क्षेत्र स्तर का आयोजन दिनांक 31 अक्टूबर सायं से 02 नवम्बर 2022 दोपहर तक स.वि.मं. आवासीय विद्यालय केदारधाम ग्वालियर (मध्यभारत प्रान्त) में सम्पन्न होना है। जिसमें प्रान्त के विजेता भैया-बहिन सहभागी होगें।
- आचार्य पत्र-वाचन प्रतियोगिता में निर्धारित विषय के आधार पर विभाग में विजेता आचार्य भाग ले सकेंगे।

आपके सहयोग से आयोजन आनंद पूर्ण रहेगा ऐसी अपेक्षा है।

शेष शुभ सभी को यथायोग्य नमस्कार।

सम्पर्क सूत्रः-
श्री शिवराज चौधरी (प्राचार्य)
सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, विदिशा
मो.- 8982645650

भवदीय

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपि :-

1. श्रीमान अध्यक्ष/संगठनमंत्री/सहसंगठन मंत्री, मध्यभारत प्रान्त की ओर सूचनार्थ।
2. सदस्यगण प्रबंध कार्यकारिणी समिति, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान को सूचनार्थ।
3. प्रान्त प्रमुख /सहप्रान्त प्रमुख एवं समस्त विभाग समन्वयक मध्यभारत प्रांत को सूचनार्थ।
4. प्रान्त प्रमुख ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्यभारत प्रांत को सूचनार्थ।

E:\P- 22-23\sansakrti Gyan & bhodh,

भवदीय

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव